# मोहयाल मित्र

**सर्वे भवंतु सुखिनः। सर्वे संतु निरामयाः। सर्वे भद्राणि पश्यंतु मा कश्चित् दुःखभागभवेत्ः।।**

## नवरात्रों पर विशेष

इस वर्ष विक्रम सम्वत् 2076 का आरम्भ 6 अप्रैल 2019 से होगा। घट स्थापित करने का शुभ समय सूर्योदय से (6:15) बाद एक घंटा तक या सुबह 7:46 से 9:20 तक कभी भी कर सकते हैं।

नवरात्र वर्ष में दो बार आते हैं। प्रथम चैत्र में द्वितीय अश्विन में। यह शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक होते हैं। इस प्रकार माँ दुर्गा के नौ रुपों की नौ दिनों तक पूजा होती है। नौ दिनों तक नवदुर्गा की पूजा होने के कारण इसे नवरात्र कहते हैं। स्नानादि से शुद्ध होकर मण्डप में दुर्गाजी की मूर्ति स्थापित करें। दायीं ओर कलश की स्थापना करें, कलश के सामने मिट्टी और रेत मिलाकर जौ बोएँ। मण्डप के पूर्वी छोर पर दीपक स्थापित करें। प्रथम गणेश जी की पूजा व फिर शेष देवी–देवताओं का पूजन करें। दुर्गा सप्तशती का पाठ लाभकारी होता है।

**कुमारी पूजन**

आठ या नौ दिनों तक पूजा के बाद कुमारी कन्याओं को खिलाना चाहिए। संख्या में दो से नौ तक तथा आयु 1–10 वर्ष तक होनी चाहिए। पूजन व कुमारी भोजन के पश्चात् सिर पर अक्षत छुड़वाऐं व उन्हें दक्षिणा दें। इस प्रकार माँ भगवती प्रसन्न होती हैं और मनोरथ पूर्ण करती हैं।

**माँ शैलपुत्री**

प्रथम पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में हैं। ये समस्त वन्य जीव–जन्तुओं की रक्षक हैं।

**माँ ब्रह्मचारिणी**

द्वितीय ब्रह्मचारिणी माँ की समस्त विद्याओं का ज्ञाता माना जाता हैं। इनकी अराधना से अनन्त फल की प्राप्ति होती है। पूर्व जन्म में यह पार्वती रूप में थी।

**माँ चन्द्रघण्टा**

तृतीय माँ चन्द्रघण्टा मस्तक पर घण्टे के आकार का चन्द्रमा धारण करती हैं। माँ चिरायु, आरोग्य, सुख व सम्पन्नता का वरदान देती है।

**माँ कुष्माण्डा**

चतुर्थ देवी भक्तों की रोग, शोक व विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल व बुद्धि प्रदान करती हैं। जीवनी शक्ति भी देती हैं।

**माँ स्कन्दमाता**

भगवान स्कंद की माता होने के कारण यह पंचम रूप स्कंदमाता कहलाता है। माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छः सिर वाली देवी का है अतः इनकी पूजा में छः मूर्तियाँ सजानी चाहिए।

**माँ कात्यायनी**

षष्ठ रूप देवताओं व ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने के लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुई थी उनकी पुत्री होने के कारण इन्हें माँ कात्यायनी कहते हैं। यह दानवों व पापियों का नाश करने वाली माँ है।

**माँ कालरात्रि**

सातवाँ रूप देखने में भयावह अवश्य है किन्तु शुभफल देने वाला है। इन्हें शुभकारी भी कहते हैं। शत्रु व दुष्टों का संहार करती हैं।

**माँ महागौरी**

अष्ट्म माँ उत्पात्ती के समय आठ वर्षो की थी इसी कारण इनकी पूजा आठवें दिन की जाती है। यह अन्नपूर्णा के समान है इसलिए आठवें दिन कन्या पूजन का विधान है।

**माँ सिद्धिदात्री**

नौवीं माँ सिद्धदात्री हैं। यह सभी सिद्धियों की दाती हैं। इनकी पूजा से सभी मनोकामना पूर्ण होते हैं।

***विरेन्द्र कुमार छिब्बर,*** *ज्योतिष आचार्य*
*मो. 9818094655*

 For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

## अप्रैल 2019 नवरात्र

5 अप्रैल को चैत्र अमावस है। इस दिन पूर्वजों की पूजा की जाती है। संवत्सर की पहली अमावस्या होने के कारण इसका बहुत महत्व है। पितरों की शाँति के लिए तर्पण करें। 6 अप्रैल से चैत्र नवरात्र आरंभ होंगे। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपक्ष से नवमी तक चैत्र नवरात्र मनाए जाते हैं। इनमें माँ दुर्गा के नो रूपों का पूजन होता है। नवरात्र 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक हैं। रामायण के अनुसार भगवान राम ने इस महीने देवी दुर्गा की उपासना करके रावण का वध किया था। 6 अप्रैल माता शैलपुत्री, 7 अप्रैल–माता ब्रह्मचारिणी, 8 अप्रैल–माता चंद्रघंटा, 9 अप्रैल–माता कूस्मांडा, 10 अप्रैल–माता स्कंदमाता, 11 अप्रैल–माता कात्यायनी, 12 अप्रैल–माता कालरात्रि, 13 अप्रैल–माता महागौरी, 14 अप्रैल–माता सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है।

नवरात्रि के पहले तीन दिनों को ऊर्जा माँ दुर्गा को समर्पित है। अगले तीन दिन धन की देवी माँ लक्ष्मी और अंतिम तीन दिन ज्ञान की देवी माता सरस्वती को समर्पित हैं। नवरात्र के पहले दिन घट स्थापना करें। प्रतिदिन देसी घी का दीपक जलाएँ। कुछ लोग जौ की बुवाई करते हैं। नौ दिन के भोग–

पहला दिन– केला, दूसरा दिन–देसी घी से बने पकवान, तीसरा दिन–नमकीन मक्खन, चौथा दिन–मिश्री, पाँचावां दिन–खीर या दूध, छठा दिन–मालपुआ, सातवाँ दिन–शहद, आठवाँ दिन–गुड़ या नारियल, नौवाँ दिन–धान का हलवा।

नौ दिनों तक दुर्गा सप्तशती का पाठ करें। कन्या–पूजन करें। उन्हें फूल, इलायची, पान, फल सुपारी, मिठाई, श्रृंगार सामग्री, कपड़े घर का भोजन–हलवा, काले चने, पूरी कराएँ। ललिता सहस्रनाम में देवी के एक हज़ार नामों का जप करें।

13 अप्रैल–रामनवमी, 15 अप्रैल–कामदा एकादशी, 19 अप्रैल हनुमान जयंती, पूर्णिमा।

बैसाखी 14 अप्रैल को मनाई जाएगी। पद्म पुराण में इस दिन स्नान का महत्व बताया गया है। सूर्य के मेष राशि में प्रवेश पर यह त्योहार मनाया जाता है। यह गेहूँ के पकने पर मनाया जाता है। इस दिन नव वर्ष को मनाते हैं।

**विक्रम संवत् 2076 के शुभ अवसर पर सभी मोहयालों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ। नया वर्ष आपके जीवन में प्रसन्नताएँ और आनंद लाए।**

## स्थानीय मोहयाल सभाओं की गतिविधियाँ

### फ़रीदाबाद

मोहयाल सभा की मासिक बैठक 3 मार्च 2019 को श्री रमेश दत्ता की अध्यक्षता में मोहयाल भवन में संपन्न हुई, जिसमें लगभग 55 भाई–बहनों ने भाग लिया।

**शोकः** श्रीमती राज बाली धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री एस.एस. बाली जिनकी मृत्यु 3 फरवरी को हुई। श्रीमती कैलाश बाली माता श्री रामजी बाली जिनकी मृत्यु 6 फरवरी को हुई। श्रीमती जनक छिब्बर धर्मपत्नी जसवंत राज छिब्बर जिनकी मृत्यु 18 फरवरी को हुई थी। श्रीमती राज रानी दत्ता धर्मपत्नी डॉक्टर आर.के. दत्ता जिनकी मृत्यु 19 फरवरी को हुई। श्री बलराम दत्ता के भाई श्री ए.पी. दत्ता जिनकी मृत्यु 24 फरवरी को चंडीगढ़ में हुई व पुलवामा में शहीद हुए सैनिकों के लिए सभी ने दो मिनट का मौन रखकर प्रभु से उनकी आत्मा की शाँति के लिए प्रार्थना की।

श्री के.एस. बाली ने पिछले माह की रिपोर्ट पढ़कर सुनाई और सभी बच्चों को जो 10वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं उनको अपनी व सभा की ओर से शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने बताया कि बलराम दत्ता जो हमारी सभा के कर्मठ कार्यकर्ता थे और किसी कारणवश वे कांगड़ा चले गए थे। हमें खुशी है कि वे सपरिवार फरीदाबाद वापस लौट आए हैं। सभी ने फरीदाबाद वापिस लौटने पर उनका स्वागत किया। श्री बलराम दत्ता जी ने फरीदाबाद मोहयाल सभा से जुड़ी अपनी स्मृतियों को सबके साथ सांझा किया तथा उनके द्वारा मोहयाल सभा कांगड़ा के लिए किए गए कार्यों के बारे में भी बताया।

इस मौके पर श्री मिथिलेश दत्ता ने निम्न राशि एकत्र की– श्री के.एन. बाली ने 1100 रुपए अपनी माता राज बाली की याद में, श्री अजय दत्ता ने 1000 रुपए अपनी माता राज रानी दत्ता की याद में, श्री रामजी बाली ने अपनी माता कैलाश बाली की याद में और श्री संजय छिब्बर ने 500 रुपए अपनी माता जनक छिब्बर की याद में व श्री जगमोहन छिब्बर ने 200 रुपए सभा को सहयोग राशि के रूप में दिए।

श्री रमेश दत्ता प्रधान जी ने बताया कि आज के खाने की व्यवस्था श्री ओ.पी. दत्ता के द्वारा अपनी शादी की 25वीं वर्षगांठ, अपनी पत्नी की सेवानिवृति व अपने परिवार के सदस्यों के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में की है। श्री रमेश दत्ता ने अपनी और सभा की ओर से उन्हें शुभकामनाएँ दीं और कहा कि भगवान इसी प्रकार उनके परिवार को खुशियाँ प्रदान करता रहे। इसी माह में आने वाले महाशिवरात्रि व होली के उपलक्ष्य में सभी ने एक दूसरे को शुभकामनाएँ दी। व श्रीमती

निशा दत्ता, आशु वैद, गायत्री छिब्बर, मनु वैद व बच्चों ने भी भजनों तथा गीतों के द्वारा सभी का मनोरंजन किया। इसके साथ ही पुलवामा में शहीद हुए सैनिकों को देशभक्ति के गीत गाकर श्रद्धांजलि दी।

श्री रमेश दत्ता ने सभा में पधारने पर सभी का धन्यवाद किया और ओ.पी. दत्ता को अपनी और सभा की तरफ से स्वादिष्ट भोजन के लिए धन्यवाद किया और बताया कि अगली मीटिंग 7 अप्रैल को भवन में ही होगी और सभी को और भी अधिक संख्या में पहुँचने का आग्रह किया और सभी के द्वारा 'वंदे मातरम् व जय हिंद' के उद्घोष से सभा की समाप्ति की गई।

***रमेश दत्ता,*** *प्रधान* — *मो. 9212557095*
***रायज़ादा के.एस. बाली,*** *महासचिव* — *मो. 9899068573*

## यमुनापार-दिल्ली



मोहयाल सभा यमुनापार की मासिक मीटिंग 3 मार्च को मोहयाल भवन के प्रांगण में प्रधान श्री विनोद बाली की अध्यक्षता में 16 सदस्यों के साथ सम्पन्न हुई।

मोहयाल प्रार्थना के बाद पुलवामा हमले में मारे गए जवानों की याद में दो मिनट का मौन रखा गया। सेक्रेटरी ने पिछले माह की रिपोर्ट को पढ़ा तथा आय-व्यय का ब्यौरा भी सभा पटल पर रखा, जिसे सभी ने एकमत से पारित किया। मोहयाल भवन के रखरखाव और नवीकरण से सम्बंधित कार्य पर चर्चा हुई। पिछले सप्ताह मुख्य कार्यकारिणी के सदस्यों ने मिलकर इस पर विचार किया जिसमें भवन नवीकरण पर चर्चा हुई। सभी ने इस पर सहमति जताई कि भवन के मुख्य-द्वार को जल्द नया किया जाए। नए रंग-रूप के द्वार का निर्माण किया जाए। जिससे मोहयाल भवन की शोभा बढ़ाई जाए। इस कार्य के लिए जितना भी खर्च हो, उसे अलग से इकट्ठा किया जाए। संजीव बाली ने सभी से अपील की कि कार्य के लिए सभी सभा को चंदा दें।

श्री संजय दत्ता ने सभा का ध्यान भवन में बिजली व्यवस्था पर दिलाया। अमितेश बाली और मुकेश मोहन ने इस पर अपने सुझाव दिए। जिस पर प्रधान विनोद बाली ने तथा भवन प्रबंधक ने संज्ञान लिया और पर्याप्त परिवर्तन का आश्वासन दिया। सेक्रेटरी ने सूचित किया कि मोहयाल सभा यमुनापार ने सभी विधवा माताओं और बहनों के फार्म जीएमएस को भेज दिए हैं यदि किसी का फ़ार्म रह गया हैं तो वह जल्दी उसको भरकर दे देवें।

माननीय चन्द्रमोहन छिब्बर ने आर्मी वेलफ़ेयर फण्ड बैटल केजुलटीस के लिए 5000 रुपए का चेक सभा को दिया। मोहयाल सभा यमुनापार अपने द्वारा एक चेक 'आर्मी वेलफेयर फण्ड बैटल केजुलटीस' के एकाउंट में जमा करवाया जाएगा।

श्री वी.एस. लौ 1000 रुपए, मेहता इन्दम मोहन लौ 800 रु., श्री विनोद बाली 1000 रुपए और संजीव बाली 800 रुपए ने हर मास की तरह सभा के विधवा फंड में योगदान दिया।

अंत में चाय-पान के उपरान्त प्रधान विनोद बाली ने सभी का धन्यवाद किया।

## प्रेमनगर-देहरादून



सभा की मासिक बैठक कार्यवाहक प्रधान श्री जे.एस. दत्ता की अध्यक्षता में 24 फरवरी 2019 को श्री सनातन धर्म मन्दिर प्रेमनगर के परिसर में मोहयाल प्रार्थना के साथ आरम्भ हुई।

**श्रद्धांजलि**-14 फरवरी 2019 को पुलवामा (जम्मू-कश्मीर) सी.आर.पी.एफ के चालीस जवानों एवं भारतीय सेना के दो सैनिक अधिकारियों के आतंकवादी हमले में शहीद होने पर गहरा दुख व्यक्त किया तथा दो मिनट का मौन रखकर उन्हें अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि व्यक्त की।

श्री जे.एस. दत्ता जी ने सदस्यों को कश्मीर में लगाई धारा 370 एवं 35ए के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सभी सदस्यों ने उक्त धाराओं में तुरंत सरकार द्वारा संशोधन या हटाने की माँग की।

श्री हर्षवीर मेहता उपप्रधान ने बैठक में यह बताया कि वर्ष 2019 का मोहयाल मिलन संयुक्त रूप से प्रेमनगर में आयोजित


For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

किया जाएगा। सभी सदस्यों ने मोहयाल मिलन 2019 की श्री सनातन धर्म मन्दिर के परिवार में आयोजित करने की सहमति प्रदान की। कार्यवाहक प्रधान श्री जे.एस. दत्ता ने हर्षवीर मेहता को कहा कि वह देहरादून की अगली बैठक में इस प्रस्ताव पर चर्चा करके प्रेमनगर की अगली बैठक जोकि श्री हर्षवीर मेहता के निवास स्थान पर होनी है, मोहयाल मिलन 2019 की तिथि स्थान अंतिम निर्णय पर लिया जाएगा।

उक्त बैठक में देहरादून सभा श्री तरुण मोहन भी उपस्थित हुए हैं। उन्होंने सूचना दी कि श्री लाल प्रवेश मेहता को देहरादून सभा का सर्वसम्मति से सचिव नियुक्त किया गया। उनको सचिव मनोनीत होने पर बधाई दी।

अन्त में चापान के बाद शांति पाठ के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

***जे.एस. दत्ता*** *कार्यवाहक प्रधान* — ***राजेश बाली,*** *महासचिव*
*मो. 8979771026* — *मो. 9756113383*

## बराड़ा

मोहयाल सभा बराड़ा की मासिक बैठक 10.03.2019 को सभा के प्रधान हरदीप सिंह वैद की अध्यक्षता में गायत्री मंत्रोच्चारण व मोहयाल प्रार्थना के बाद भाई लक्ष्मणदेव छिब्बर के निवास स्थान पर सम्पन्न हुई। सभा के वित्त सचिव श्री बलदेव सिंह दत्ता ने पिछले महीने की कार्यवाही पढ़कर सुनाई जिसपर सभी ने अपनी सहमति प्रकट की।

**शोक समचारः** श्रीमती चंचल मेहता (15.01.1930–15.02.2019) धर्मपत्नी स्व. श्री होरीलाल मेहता जिनका 15.02.2019 को स्वर्गवास हो गया व रस्म–क्रिया 25.02.2019 को हुई। मोहयाल बिरादरी के काफी लोग रस्म–क्रिया में शामिल हुए। परिवार की तरफ से 500 रुपए जी.एम.एस व 500 रुपए बराड़ा सभा को भेंट किए।



श्रीमती चंचल मेहता के तीन बेटे–स्व. श्री राजेन्द्र मेहता (पत्नी अरुणा मेहता), श्री अश्वनी मेहता (पत्नी सीमा मेहता), श्री रजनीश मेहता (पत्नी रेखा मेहता) व चार लड़कियाँ हैं। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर श्रीमती चंचल मेहता को श्रद्धांजलि दी। भगवान से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।

मोहयाल सभा बराड़ा के सेक्रेटरी श्री रविन्द्र कुमार छिब्बर के मामा व मोहयाल सभा फरीदाबाद के प्रचार सेक्रेटरी श्री बलराम दत्ता के बड़े भाई फ्लाइंग ले. खेम प्रकाश दत्ता का 24.02.2019 को चंडीगढ़ में स्वर्गवास हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनकी रस्म–क्रिया 5.03.2019 को चंडीगढ़ में हुई। बिरादरी के काफी लोग शामिल हुए। सभा में आए हुए सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी व प्रभु से प्रार्थना की कि वह दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे व अपने चरणों में स्थान दें।

अन्त में सभा में आए हुए सभी सदस्यों ने जलपान के लिए भाई लक्ष्मणदेव छिब्बर व परिवार का धन्यवाद किया।

***रविन्द्र छिब्बर,*** *महासचिव*

(**नोटः** कृपया सभा की रिपोर्ट टाईप कराकर या स्पष्ट लिखकर भेजें ताकि उसे छापने में सुविधा हो। इसे पढ़ने में असुविधा होती है।)

## उत्तम नगर

मार्च माह की मीटिंग विनित बक्शी के निवास स्थान पर 3.03.2019 को 16 सदस्यों की उपस्थिति में उपप्रधान संजय बक्शी की अध्यक्षता में हुई।

प्रधान एस.पी. वैद अपने घर के कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण सभा में भाग नहीं ले सके।

मीटिंग का आज का मुख्य उद्देश्य अपने क्षेत्र की विधवा पेंशन फ़ार्म को भरने के लिए उन सभी महिलाओं को बुलाया गया जो अपनी पेंशन को रिन्यू कराना चाहती हैं। वे महिलाएँ जिनकी पेंशन के फार्म प्रथम बार भरे गए और वे महिलाएँ भी जिनको किसी कारणवश जनरल मोहयाल सभा से सहायता चाहती हैं। सबके फ़ार्म भरकर आने वाली 10.03.2019 को जी.एम.एस में होने वाली 'आम वार्षिक सभा' जमा कर दिया जाएगा। सब आजीवन सदस्य को आम वार्षिक सभा में आने के लिए सूचित कर दिया गया।

अन्त में जलपान के बाद 'जय मोहयाल' के जयकारों के साथ अगले माह की मीटिंग 7.04.2019 को प्रधान जी के घर में सबको आने के लिए कहा गया।

***विनित बक्शी,*** *महासचिव*
*मो. 8802624221*

## देहरादून

सभा में सर्वप्रथम मोहयाल प्रार्थना के पश्चात भारतीय सैनिकों पुलवामा कश्मीर में हुए बम विस्फोट में शहीद एवं पिछले माह में अन्य भारतीय सैनिकों की शहादत पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। हमारी सभा के सदस्य श्री सुनील दत्त के आकस्मिक निधन पर भी उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। देहरादून सभा में उपस्थिति एवं जन सेवा के कार्यों के बढ़ाने हेतु सभी सदस्यों ने सक्रिय विचार में भाग लिया और हर संभव प्रयासओं से सभा को जाग्रत और सक्रिय हेतु कार्यशील उपायों पर चिंतन किया।

आगामी मास या निकट भविष्य में हमारी सहयोगी मोहयाल सभा प्रेम नगर द्वारा किसी विशेष सामाजिक कार्यक्रम का प्रस्ताव आया। सभी ने एकमत से अपने सहयोग की पेशकश की।

सभा में श्री एस.के. छिब्बर, श्री राजेश मोहन, श्री लाल प्रवेश मेहता, श्री प्रमोद मेहता, श्री हर्षवीर मेहता एवं श्री मेहता तरुण मोहन आदि सदस्यों ने अपने विचार रखे।

सभा के द्वारा मोहयाल जनगणना, मोहयाल बच्चों की पढ़ाई में सहयोग, आर्थिक दृष्टि से कमज़ोर, विधवा महिला, असहायओं को तलाश कर त्वरित कार्यवाही के लिए कदम उठाए जाने पर चर्चा हुई।

मोहयाल डायरेक्टरी के प्रकाशन हेतु जिस किसी भी सदस्य या पूर्व पदाधिकारी के पास कोई कागज़ात इत्यादि हो, वह सभा में शीघ्र प्रस्तुत करें ताकि डायरेक्टरी का काम शीघ्र अति शीघ्र पूरा किया जा सके।

सभा के सभी सदस्यों का मत था कि हमें अपने मेलों व अन्य सामाजिक कार्यक्रमों पर सिर्फ दिखावट पर अनावश्यक खर्च से बचना चाहिए।

***लाल प्रवेश मेहता,*** *महासचिव*
*मो. 9411108845, 7906992216*

## नज़फगढ़

मोहयाल सभा नज़फगढ़ की मासिक बैठक 03.03.2019 को प्रधान श्री शेर जंग बाली की अध्यक्षता में श्री हर्ष दत्ता सचिव के निवास स्थान (दत्ता प्लाजा, 22 ओल्ड रोशनपुरा, नज़फगढ़ नई दिल्ली 110043) में मोहयाल प्रार्थना व गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ आरम्भ हुई। जिसमें 22 भाई बहनों ने भाग लिया। सभा के सचिव श्री हर्ष दत्ता ने पिछले माह की कार्यवाही पढ़कर सुनाई। वित्त सचिव श्री बलदेव राज दत्ता ने लेखा–जोखा पेश किया। जिसका सब सदस्यों ने अनुमोदन किया।

जम्मू–कश्मीर के पुलवामा में सी.आर.पी.एफ. के 40 शहीदों को नमन्। प्रधान जी ने सूचित किया कि ए.जी.एम. की मीटिंग 10 मार्च 2019 को ए–9, कुतुब इंस्टीच्यूशनल एरिया में होगी, अधिक से अधिक संख्या में भाग ले।

मोहयाल सभा नज़फगढ़ की अगली बैठक 7 अप्रैल 2019 को हर्ष दत्ता, सचिव के निवास स्थान (दत्ता प्लाजा, 22 ओल्ड रोशनपुरा, नज़फगढ़ नई दिल्ली 110043) प्रातः 10:30 बजे होगी। सभी ने बढ़िया जलपान के लिए श्री हर्ष दत्त, सचिव को धन्यवाद दिया। सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध है।

***शेर जंग बाली,*** *प्रधान*
*मो. 9871756765*

***हर्ष दत्ता,*** *सचिव*
*मो. 9312174583*

## जगाधरी वर्कशॉप

मोहयाल सभा जगाधरी वर्कशॉप की मासिक बैठक प्रधान सतपाल दत्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सभा के कोषाध्यक्ष अश्विनी बाली के दुर्घटनाग्रस्त होने पर चिंता व्यक्त की गई और उनके शीघ्र स्वास्थ्य की कामना की गई। सभा के नरेश मेहता, सतपाल दत्ता, सुरेंद्र वैद, अशोक बाली, राजेंद्र बाली ने अश्विनी बाली के घर जा कर उनका हाल–चाल जाना। बैठक में कुछ सदस्यों का कहना था कि सभी सदस्यों के घर–घर जाकर उनकी मीटिंग के आने के बारे में जानकारी दी जाए और सदस्यता बढ़ाई जाए।

प्रधान जी ने कहा कि जब भी मीटिंग में आए कुछ नए सदस्य और नए सुझावों को लेकर आएँ ताकि उन पर विचार–विमर्श करके समाज को और आगे बढ़ाया जा सके। जी.एम.एस. और लोकल सभा की सदस्यता जमा कराने के लिए भी सभी को आह्वान किया गया। सभा अगली बैठक जजंघर आई.टी.आई. में होगी।

***सुरेन्द्र मेहता छिब्बर,*** *महासचिव*
*मो. 9355310880*

## होशियारपुर



मोहयाल सभा होशियारपुर की एक बैठक प्रधान श्री श्याम सुन्दर दत्ता की अध्यक्षता में मोहयाल भवन न्यू बैंक कालोनी ऊना रोड में हुई। इस अवसर पर प्रधान जी ने कहा कि ऊना खड़ पिंजोर में मोहयाल सभा की स्थापना करने जा रहे हैं। क्योंकि वहाँ पर गाँव के अधिकतर दत्त परिवार हैं। सुभाष दत्ता ने भी वहाँ के गाँव वासियों से संपर्क किया। जीएमएस में 10 तारीख को होने वाली जनरल बॉडी मीटिंग के लिए सभी को आमंत्रित किया।

मीटिंग में मनोज दत्ता, विजयंत बाली, एच.के. बक्शी, दिनेश दत्ता, पवन मेहता, कुलदीप दत्ता, बरिन्द्र दत्त वैद, सुभाष चन्द्र दत्ता तथा प्रधान श्याम सुन्दर दत्ता उपस्थित थे।

(**नोटः** रिपोर्ट साफ़ लिखकर या टाईप करके भेजें। आपकी भेजी रिपोर्ट पढ़ी नहीं जाती, जिससे छापने में असुविधा होती है।)

 For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

# स्त्री विंग मोहयाल सभा यमुनानगर



स्त्री मोहयाल सभा यमुनानगर की मासिक बैठक 05.03.2019 को सभा की प्रधान श्रीमती कमला दत्ता की अध्यक्षता में गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ श्रीमती प्रवीण बाली, सचिव के निवास स्थान पर संपन्न हुई। मीटिंग में सभी बहनों ने भाग लिया।

**शोकः** मीटिंग में सबसे पहले बहन श्रीमती सूरज वैद के भाई का आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया। भगवान उनकी आत्मा को शांति दें। स्वर्गीय श्रीमती कान्ता बाली पत्नी स्व. श्री सुभाष बाली का 4.01.2019 को निधन हो गया, उनकी रस्म–क्रिया पर बाली परिवार की तरफ से स्त्री मोहयाल सभा यमुनानगर को 100 रु. दान दिए। भगवान उनकी आत्मा को शांति दें।

मीटिंग में पिछली कार्यवाही पढ़कर सुनाई गई। नये सदस्य भी बनाए गए। श्रीमती सुरक्षा मेहता, श्रीमती विजयलक्ष्मी दत्ता, श्रीमती सूरज वैद, श्रीमती तारावन्ती वैद, बहन रमन ने अपने विचार रखे। सभी बहनों ने रायज़ादा बी.डी. बाली और उनकी टीम को होली की मुबारक दी। श्रीमती प्रवीण बाली, सचिव ने 250 रुपए स्त्री मोहयाल सभा को दान दिए।

अन्त में चाय–पान के बाद शांति पाठ के साथ मीटिंग सम्पन्न हुई। मीटिंग के आयोजन व चायपान के लिए श्रीमती प्रवीण बाली को धन्यवाद दिया।

***श्रीमती प्रवीण बाली,*** *सचिव*
*फोनः 01732 226799*

# कुरूक्षेत्र

मोहयाल सभा कुरूक्षेत्र की मासिक बैठक 3 मार्च 2019 रविवार को श्री स्नेह छिब्बर के निवास स्थान 7बी में श्री सन्तोष वैद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें लगभग 15 मोहयाल भाई–बहनों ने भाग लिया। मोहयाल प्रार्थना के साथ सभा का आरम्भ हुआ।

प्रधान जी ने 10 मार्च की एजीएम के बारे में सभी को अवगत कराया तथा जो भी भाई बहन जाने के इच्छुक हो वो अपना नाम 8 मार्च तक प्रधान व सेक्रेटरी को लिखवा दे या सूचित कर दें। प्रधान जी ने होली मिलन मनाने बारे में सभा में विचार हुआ परन्तु बच्चों के परीक्षा के चलते इसे टालने का विचार किया गया। मीटिंग में सभी सदस्यों ने मोहित बक्शी सुपुत्र श्री मोहिंदर बक्शी के हरियाणा बिजली बोर्ड में जे.ई. के पद पर नियुक्ति पर बधाई दी। प्रधान जी ने स्नेह छिब्बर का जलपान के लिए धन्यवाद किया।

अन्त में गायत्री मंत्र के साथ सभा का समापन हुआ।

***सन्तोष वैद,*** *प्रधान* ***मोहिंदर बक्शी,*** *सचिव*
*मो. 8168691327*

# श्री दलीप सिंह दत्ता



*न त्वंत काम्ये राजयं*
*न सोरण्य न पुर्न भवन*
*कांज्ये दुःख तन्तानां*
*प्रापिं नमतिं नाशनम।*

*अर्थात्*
मैं राज्य की कामना नहीं करता, मैं सुख और मोक्ष की प्राप्ति नहीं चाहता, मैं तो केवल यही चाहता हूँ, कि दुःख ग्रस्त प्राणियों के दुःख का अन्त कर सकूँ। इन्हीं विचारों के थे मेरे बड़े भाई दलीप सिंह दत्ता जी। आज इस नाशवान संसार से इतने दूर चले गए हैं जहाँ से कोई आवाज़ तक नहीं आती।

*कवि जगजीत जी के वह बोल*
*जाने कौन से देश तुम चले गए*
*न चिट्ठी न संदेश, तुम कहाँ चले गए।*

मोहयाल सभा यमुनापार आज एक पिता समान, भाई समान, मित्र समान, उस व्यक्ति से मरहूम हो गई है! जो सदा विधवा बहनों, बच्चों, ज़रूरतमंद बिरादरी के लोगों की मदद से कभी भी पीछे नहीं थे। उसी तरह उनका परिवार श्री सुशील दत्ता, श्री राजेश दत्ता तथा राजेश दत्ता की पत्नी रोज़ी दत्ता यमुनापार मो. सभा के मददगारों में सबसे आगे हैं। मैं तथा मेरे सभी भाई यमुनापार मोहयाल सभा (उनके कर्ज़दार हैं) वह जो बिरादरी के लिए कर गए हैं, वहाँ तो हम सोच भी नहीं सकते।

मेरे पास उनके प्रति लिखने की ताकत नहीं।
*वह जहाँ भी रहें*
*ऐ ईश्वर उन्हें अपने चरणों में जगह देना*
*पीछे परिवार में सुख शान्ति देना।*

मोहयाल सभा यमुनापार आज यतीम हो गई है!
*तनाई न पाऐ कोई*
*किसी के जाने के बाद*
*जुदाई न पाएं कोई*
*किसी से मिलने के बाद*
*न पड़े किसी को आदत,*
*किसी की इतनी*
*कि इक इक साँस आएँ*
*किसी के जाने के बाद!*
*ओम् शांति, ओम् शांति*

***सी.पी. दत्ता,*** *सहसचिव मो.स. यमुनापार दिल्ली*
*मो. 9718628280, 8743082172*

# अंतिम यात्रा

## श्रीमती जनक छिब्बर का निधन

श्रीमती जनक छिब्बर पत्नी श्री जसवंत राय छिब्बर का 18 फरवरी 2019 को आकस्मिक निधन हो गया। वे स्व. श्री अमरीक राय छिब्बर और स्व. श्रीमती विद्यावंती छिब्बर की पुत्रवधू थीं और स्व. श्री सोमनाथ वैद और स्व. श्रीमती तारावन्ती वैद की पुत्री थी। उन्होंने सारा जीवन सादगी से गुजारते हुए परिवार और बिरादरी में सामाजिक रिश्तों को मजबूत बनाने का कार्य किया। वे अपने पीछे भाई–श्री सुरिंदर वैद पत्नी श्रीमती कांता वैद, स्व. श्री तारेश वैद पत्नी श्रीमती सीमा वैद व तीन पुत्र श्री संजय छिब्बर पत्नी श्रीमती मधु छिब्बर, श्री प्रदीप छिब्बर पत्नी श्रीमती अनु छिब्बर, श्री विजय छिब्बर पत्नी श्रीमती मीनू छिब्बर और छह पौत्र–पौत्रियों वरुण छिब्बर, शुभम छिब्बर, काव्य छिब्बर, हर्षिता छिब्बर, वांशिता छिब्बर, गोहिता छिब्बर को छोड़ गई हैं।



श्री रमेश दत्ता ने रस्म–पगड़ी पर मोहयाल सभा फरीदाबाद और जी.एम.एस. की तरफ से भगवान से उनकी आत्मा की शांति प्रदान करने व परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उनकी रस्म–क्रिया पर छिब्बर परिवार की तरफ से मोहयाल सभा फरीदाबाद को 500 रु. और जीएमएस को 500 रुपए दान राशि भेंट किए।


## श्रीमती रंजना दत्ता का निधन

श्रीमती रंजना दत्ता पत्नी श्री प्रह्लाद दत्ता पुत्र स्व. श्री रोशन लाल दत्ता (निवासी घरौंडा) पुत्री स्व. श्री सरदारी लाल मोहन (निवासी नोएडा) का निधन 4 फरवरी 2019 को अचानक हो गया। रस्म–क्रिया 14 फरवरी 2019 को घरौंडा में हुई। इस मौके पर रिश्तेदारों के अलावा घरौंडा व करनाल की सभी संस्थाएँ जिसमें सामाजिक व धार्मिक संस्थाएँ शामिल हुईं। श्रीमती रंजना दत्ता समाज–सेविका थीं और जहाँ कहीं भी उनकी ज़रूरत पड़ती वो हर जगह पहुँचती थीं। वह समाज में हर दिल अज़ीज़ थीं। उनके उत्तम विचारों व स्वभाव की वजह से उन्होंने अपने मायके व ससुराल के बीच में अच्छे संबन्ध बना रखे थे। श्री प्रह्लाद दत्ता, पुत्र श्री रमन दत्ता व पुत्री सोनिया शर्मा ने 2000 रुपए जी.एम.एस. को भेंट किए।



## श्री सुभाष चन्द्र दत्ता का निधन

श्री सुभाष चन्द्र दत्ता ने अपने निवास स्थान गाँव जागधौली जिला यमुनानगर में दिनांक 17.02.2019 को अंतिम सांस ली। श्री दत्ता का निधन दिल का दौरा पड़ने से हुआ। सुभाष चन्द्र दत्ता स्व. श्री दुर्गानाथ दत्ता के सुपुत्र थे। वह आज हमारे बीच नहीं रहे लेकिन उनका प्यार व आशीर्वाद सदा हमारे साथ रहेगा। श्री सुभाष दत्ता एक मिलनसार व्यक्ति थे। उन्होंने अपना सारा जीवन सादगी से गुजारते हुए परिवार एवं बिरादरी में सामाजिक रिश्तों को मजबूत बनाने का कार्य किया। दत्ता जी एक नेक इंसान थे। भगवान उनकी आत्मा को शांति एवं परिवार को दुःख सहने की शक्ति दें।



दत्ता जी का जन्म 20.11.1944 को हुआ था और 17.02.2019 को उन्होंने अंतिम सांस ली। उनकी रस्म–क्रिया उनके निवास स्थान गाँ जागधौली में सम्पन्न हुई। वह अपने पीछे परिवार में अपनी धर्मपत्नी श्रीती कृष्णा दत्ता, सपुत्र रजनीश दत्ता, अरुण दत्ता, पवन दत्ता, हर्ष दत्ता पुत्री पूजा व दामाद को छोड़कर इस दुनिया को अलविदा कर गए। परिवार ने इस दुःख की घड़ी में 250 रु. मोहयाल सभा यमुनानगर को भेंट किए। भगवान श्री सुभाष चन्द्र दत्ता कि आत्मा को शांति दें। ऊँ शाँति ऊँ!

## स्वर्गीय भाई अमरनाथ छिब्बर की पाँचवी पुण्यतिथि

दिनांक 05.03.2019 को पिताजी आपकी पाँचवी पुण्यतिथि है। पाँच वर्ष क्षण भर में व्यतीत हो गए। इसका एहसास ही नहीं हुआ। आपकी स्मृति हृदय पटल पर हमेशा अंकित रहती है। परिवार को हमेशा एक सूत्र में बाँधने की आपकी सोच अलग रहती थी। आपकी कमी की पूर्ति संभव नहीं है।



परिवार एवं पोते–पोतियाँ हमेशा आपको याद करते रहते हैं। समाज में फैली हुई कुप्रथाओं का आप हमेशा विरोध करते थे। शिक्षा एवं संस्कार पर आप विशेष ध्यान देते थे। हार्दिक श्रद्धांजलि सहित, परिवार आपकी स्मृति में 1000 रुपए जीएमएस को भेंट कर रहा है।

*पुत्रगण–भाई विद्यासागर छिब्बर, भाई प्रेम सागर छिब्बर, भाई विनोद कुमार छिब्बर, भाई वेद रतन छिब्बर, भाई शिव सागर छिब्बर, मो. अर्जुनपुरवा, लखीमपुर खीरी (उ.प्र.) मो. 7499062449*


For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com